भारत सरकार

वस्त्र मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2556

8 अगस्त, 2018 को उत्तर दिए जाने के लिए

छोटे आभूषण व्यापारियों की अपनी बकाया देयताओं के संबंध में याचिका

2556. सरदार बलविंदर सिंह भुंडरः

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या प्रधान मंत्री कार्यालय को छोटे आभूषण व्यापारियों से वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत मेसर्स हैंडीक्राफ्ट्स एण्ड हैंडलूम एक्सपोर्ट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एचएचईसीआईएल) द्वारा उनके वैध बकाया को जारी करने से हो रहे असाधारण विलंब से संबंधित कई याचिकाएं प्राप्त हुई हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इन अभ्यावेदनों पर क्या कार्रवाई की गई है;

(ग) क्या तब से केन्द्रीय जांच ब्यूरो ने अपने विचार प्रस्तुत किए हैं और एचएचईसीआईएल को छोटे आभूषण व्यापारियों को भुगतान जारी करने का निर्देश दिया है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्री अजय टम्टा)

(क) और (ख): जी, हां। श्री जयप्रकाश नारायण सिंह, पूर्व संसद सदस्य, श्री प्रेम सिंह चंदूमाजरा, संसद सदस्य (लोक सभा), श्री रामसिंह राठवा, संसद सदस्य (लोक सभा) और वी. एलुमलई, संसद सदस्य (लोक सभा) से अभ्यावेदन प्राप्त हुए थे जिन्हें हैंडीक्राफ्ट्स एण्ड हैंडलूम एक्सपोर्ट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एचएचईसीआईएल) द्वारा बकायों को जारी करने के लिए प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा अग्रेषित किया गया था। माननीय संसद सदस्यों और प्रधानमंत्री कार्यालय को अभ्यावेदनों के उत्तर भेज दिए गए हैं।

(ग): जी, नहीं।

(घ): प्रश्न नहीं उठता।

*****